4. महाद्वीप एवं महासागरीय नितल की उत्पत्ति

1. महाद्वीप और महासागर किस श्रेणी के उच्चावच हैं ?
   (a) प्रथम श्रेणी (b) द्वितीय श्रेणी
   (c) तृतीय श्रेणी (d) चतुर्थ श्रेणी

2. पृथ्वी के धरातल के कितने प्रतिशत भाग पर महाद्वीपों का विस्तार पाया जाता है ?
   (a) 25.5 (b) 29.2 (c) 35.6 (d) 40.7

3. महाद्वीपीय प्रवाह सिद्धान्त के प्रणेता हैं—
   (a) प्राट (b) वेग्नर (c) होम्स (d) ग्रेगरी

4. कार्बोनिफेरस युग में विश्व में सम्पूर्ण महाद्वीप आपस में मिले हुए थे, यह किसकी मान्यता है ?
   (a) वेग्नर (b) डाना (c) जेफ्रीज (d) होम्स

5. प्लेट विवर्तनिकी सिद्धान्त किस वर्ष प्रस्तुत किया ?
   (a) 1875 (b) 1960 (c) 1965 (d) 1975

6. प्लेट विवर्तनिक सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया था ?
   (a) हैरी हैस (b) टेलर (c) जेफ्रीज (d) डाना

7. वेग्नर के अनुसार महाद्वीपीय विस्थापन जिस दिशा में हुआ, वह है—
   (a) भूमध्य रेखा व उत्तरी ध्रुव (b) भूमध्य रेखा व पश्चिमी
   (c) भूमध्य रेखा व दक्षिणी ध्रुव (d) भूमध्य रेखा व पूर्व

8. वेग्नर के अनुसार पेंजिया का विखण्डन किस युग में प्रारम्भ हुआ ?
   (a) कैम्ब्रियन (b) प्रीकैम्ब्रियन
   (c) कार्बोनिफेरस (d) पर्मियन

9. वेग्नर के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
   (a) कार्बोनिफेरस युग में विश्व के सभी महाद्वीप आपस में जुड़े हुए थे जिसे उन्होंने पेंजिया कहा।
   (b) पेंजिया टेथिस सागर नामक महासागर से घिरा हुआ था।
   (c) उत्तरी अमेरिका, यूरोप आदि अंगारालैंड के भाग थे।
   (d) अंटार्कटिका गोण्डवानालैंड का अंग था।

10. महाद्वीपीय विस्थापन को स्पष्ट करने वाला नवीनतम सिद्धान्त कौन है?
   (a) टेलर की महाद्वीपीय विस्थापन परिकल्पना
   (b) वेग्नर का महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धान्त
   (c) चतुष्फलक परिकल्पना
   (d) प्लेट विवर्तनिकी सिद्धान्त

उत्तरमाला

1. (a) 2. (b) 3. (b) 4. (a) 5. (b) 6. (a) 7. (b) 8. (c) 9. (b) 10. (d)